Std .VII. HINDI LIT .(L.8.मोबाइल और दुनिया)

शब्दार्थ:--

अनिवार्य-- ज़रुरी

मस्तिष्क--- दिमाग

क्रांति----- बहुत बड़ा बदलाव

उपलब्धि--- मिलना

उपयोगिता----ज़रुरत

भ्रष्टाचार--- भ्रष्ट आचरण

अनुसंधान--- खोज

गतिविधियों---क्रिया-कलापों

Qn.1.मोबाइल फ़ोन की बढ़ती लोकप्रियता का क्या कारण है?

उत्तर:-मोबाइल ऐसा बहुपयोगी यंत्र है जिसने हमारे जीवन को अधिक आसान बना दिया है। आज यह अपनी कम कीमत,आसानी से उपलब्धि व बढ़ती उपयोगिता के कारण हर हाथ में देखा जा सकता है।इसके द्वारा मैसेज भेजना ,चित्र ,डेटा ,इंटरनेट,फ़िल्म,ई - मेल हर काम कर सकते हैं।बड़े से बड़े उद्योगपति हो ,या साधारण कारीगर ,मैकेनिक , ड्राइवर,विद्यार्थी,गृहिणी सभी ने इसके माध्यम से अपने जीवन को आसान बना लिया है।इसलिए यह दिन - प्रतिदिन लोकप्रिय होता जा रहा है व इसके बिना जीवन असम्भव लगता है।

Qn . 2. पत्रकारों के लिए मोबाइल फ़ोन किस प्रकार उपयोगी है?

उत्तर:-आज समाज में मीडिया बहुत मज़बूत संस्था है। मोबाइल के आने से इस क्षेत्र में क्रांति आ गई है।इसके द्वारा किसी की बातचीत,इंटरव्यू रिकॉर्ड कर, मीडिया अपना काम करता है।कैमरे वाले मोबाइल से, अनेक खोजी पत्रकारों ने बड़े-बड़े रहस्यों का पर्दाफाश किया है,जिससे भ्रष्टाचार में भी कमी आई है।

Qn .3. स्कूलों में मोबाइल फ़ोन पर पाबंदी क्यों लगाई गई है?

उत्तर:-मोबाइल से आपराधिक गतिविधियों में काफ़ी वृद्धि हुई है। इसी दुरुपयोग को देखते हुए स्कूलों में मोबाइल के उपयोग पर रोक लगाई गई है।बच्चे पढ़ाई से ज़्यादा मोबाइल पर मैसेज देखने व भेजने के काम में लगे रहते हैं।मोबाइल में आकर्षक चीज़ें होने के कारण उनका ज़्यादा ध्यान मोबाइल की ओर होता है,जिससे उनकी पढ़ाई की हानि तो होती ही है साथ ही ग़लत चीज़ें भी सीखते हैं। इस तरह जहाँ मोबाइल हमारे लिए ज़्यादा सुविधाजनक है, वहीं अपराध को भी बढ़ावा देता है।

और इसका अत्याधिक प्रयोग पढ़ाई में अवरोधक सिद्ध होता है।

Qn .4. मोबाइल फ़ोन और लैंड लाइन फ़ोन में कौन-सा फ़ोन बेहतर है ,और क्यों?

उत्तर:-मोबाइल और लैंड लाइन फ़ोन में मोबाइल फोन बेहतर है क्योंकि इसमें अनेक सुविधाएँ होती हैं,जिसका लैंड लाइन फ़ोन में अभाव होता है।इसमें परिचितों का नाम, पता, टेलीफोन नम्बर आदि सुरक्षित रहते हैं।इसे हम कहीं भी बड़ी आसानी से ले जा सकते हैं और प्रयोग कर सकते हैं।इससे हम इंटरनेट के द्वारा पूरी दुनिया से जुड़े रहते हैं।राह भटक जाने पर गूगल मैप से रास्ता ढूँढ सकते हैं या किसी संकट की स्थिति में किसी से मदद माँग स्वयं को सुरक्षित रखते हैं।हम कहीं भी जाएँ, अपनों से जुड़े रहते हैं और पल-पल की खबर हमें मिलती रहती है।इस तरह मोबाइल सिर्फ़ बात-चीत का साधन ही नहीं, बल्कि जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

Qn.5. मोबाइल आने से हमारी जीवन शैली किस प्रकार बदल गई है?

उत्तर:-आज मोबाइल के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है।बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी के लिए यह आवश्यक बन चुका है और इसने हमारे जीवन को और अधिक आसान बना दिया है।आज हर कोई इसका लाभ उठा रहा है,चाहे उद्योगपति,विद्यार्थी,गृहिणी या कोई कर्मचारी हो।सभी इसके सहारे अपना काम कर रहे हैं और नई चीज़ों की जानकारी पा,आधुनिक होते जा रहे हैं।

Qn .6. छोटे व्यवसायियों के लिए मोबाइल वरदान कैसे बन गया है?

उत्तर:-छोटे व्यावसयियों को मोबाइल के कारण बिना अधिक भाग-दौड़ के आसानी से काम हो जाता है।आज मोबाइल के सहारे न केवल वे काम पा रहे हैं बल्कि इससे उनका धंधा भी चमक उठा है।मोबाइल डाॅयरेक्टरी द्वारा इनका नम्बर ज़रुरतमंद लोगों को मिल जाता है और सारी बातें मोबाइल पर ही तय हो जाती हैं।इस तरह घर बैठे ही उनका काम हो जाता हैऔर छोटे व्यापार को मदद मिलती है।

Qn.7. कामकाजी महिलाओं के लिए मोबाइल की क्या उपयोगिता है?

उत्तर:-कामकाजी महिलाओं के लिए मोबाइल वरदान साबित हुआ है।इसमें परिचितों,डॉक्टर,पुलिस का नाम,पता व टेलीफ़ोन नंबर सुरक्षित रहते हैं,जिससे ज़रुरत पड़ने पर मदद माँगी जा सकती है।जब महिलाएँ काम के कारण घर से बाहर जाती हैं तो ऐसे समय में मोबाइल ,घर के सदस्यों से जोड़े रखने तथा थोड़ी भी फ़ुरसत मिलने पर प्रियजनों से बातचीत कर ,मन को सुख व संतोष देता है।राह भटक जाने की दशा में भी मोबाइल अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है।

Qn. 8. मोबाइल के पुराने और आधुनिक रूपों में क्या अंतर आ गया है?

उत्तर:-नई-नई तकनीक के माध्यम से मोबाइल दिन प्रतिदिन आधुनिक होता जा रहा है।अब मोबाइल व कंप्यूटर में अधिक अंतर नहीं रह गया है।इसकी बढ़ती हुई माँग को देखते हुए विश्व की अनेक बड़ी-बड़ी कम्पनियाँ मोबाइल के क्षेत्र में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास में लगी हैं।पहले मोबाइल छोटे-बड़े तथा भारी व रंगहीन होते थे,जिनपर सिर्फ़ बातें ही की जा सकती थी,पर आज के ज़माने में मोबाइल से हर काम किया जा सकता है।आज यह हर आकार,रंग का होता है व वज़न में भी हल्का होने लगा है।

Qn .9 .मोबाइल का प्रयोग करते समय हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

उत्तर:-मोबाइल का प्रयोग करते समय हमें कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना चाहिए।किसी अनजान व्यक्ति को न ही अपना मोबाइल नम्बर लें व न ही अपना मोबाइल प्रयोग करने के लिए दें।

मोबाइल खो जाने की स्थिति में हमें तुरंत पुलिस को सूचित करना चाहिए।

मोबाइल से हमें शारीरिक व मानसिक परेशानियाँ भी होती हैं।इसलिए इसे हमें हमेशा अपने पास नहीं रखना चाहिए।सड़क पर चलते हुए या गाड़ी चलाते हुए हमें कभी भी मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए।हमें जहाँ तक हो सके, मोबाइल का कम प्रयोग करना चाहिए ।

भाषा संसार:-

Qn .तत्सम रुप लिखें:-

खेत--- क्षेत्र

अँगूठा--- लव्य

भाई----- भ्राता

हाथ--- हस्त

काम-- कर्म

घर---- गृह

रास्ता-- राह

नया--- नव

आज--- अद्य

सिर---- शिर

Qn . हिंदी समानार्थी शब्द लिखें :-

नंबर ---- अंक

डायल-- घुमाना

सर्वे-- खोज

मैसेज -- संदेश

डेटा----- आँकड़ा

ई मेल--- यांत्रिक संदेश

फ़िल्म ---- सिनेमा

डाउनलोड---संकलित करना

इंटरनेट-----अंतर्राष्ट्रीय गणक यंत्र

कंप्यूटर---- संगणक

Qn . मूलशब्द और प्रत्यय लिखें:-

मूलशब्द-----प्रत्यय

विकसित - विकास------इत

उपलब्धि--- उपलब्ध---- इ

उपयोगिता-- उपयोग-----इता

पत्रकारिता-- पत्रकार---- इता

व्यावसायिक --व्यवसाय-- इक

आसानी----- आसान--- ई

परिचित---- परिचय--- इत

आपराधिक-- अपराध-- इक